## खबर संक्षेप

### रामेश्वरम जाने वाली ट्रेन स्थगित, अब पाँच मार्च को होगी रवाना

**कटनी।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत कटनी से वरिष्ठ नागरिकों को रामेश्वरम लेकर जाने वाली विशेष ट्रेन स्थगित हो गई है। अब यह ट्रेन पाँच मार्च को रामेश्वरम की तीर्थ यात्रा के लिये रवाना होगी। आईआरसीटीसी के भोपाल स्थित आर ओ कार्यालय में पदस्थ अधिकारी राहुल होलकर द्वारा जिला प्रशासन को दी गई सूचना के अनुसार रामेश्वरम के लिए नई प्रस्थान तिथि 5 मार्च को निर्धारित की गई है। यह स्थगन ट्रेन की पैंट्री कार में पाई गई तकनीकी समस्याओं के कारण किया गया है। सभी तीर्थ यात्रियों की सुरक्षित और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिये इस तकनीकी समस्या को शीघ्र दूर कर लिया जायेगा और अब 5 मार्च को इसे रामेश्वरम रवाना किया जायेगा।

### शहर में भारी वाहनों का प्रवेश किया प्रतिबंधित

**कटनी।** उपखंड मजिस्ट्रेट कटनी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा वर्तमान में आयोजित माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं केन्द्रीय शिक्षा मण्डल द्वारा बोर्ड कक्षाओं की परीक्षाओं के पेपर छूटने पर अचानक शहर में यातायात दबाव बढ़ने एवं वाहन दुर्घटना होने एवं जनहानि की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए शहर में चाका-बायपास, पीरबाबा-बायपास, जुहला बायपास तथा पन्ना मोड से भारी वाहन एवं मालवाहक वाहनों के आवागमन को प्रतिदिन, प्रातः 8 बजे से रात्रि 9 बजे तक के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। यह आदेश 2 मार्च से 25 मार्च 2025 तक प्रभावशील रहेगा। विदित हो कि पूर्व में यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा जारी आदेशानुसार कटनी शहर में दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक नो एन्ट्री में भारी वाहनों के प्रवेश पर छूट गई थी। किंतु वर्तमान में आयोजित परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए शहर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रातः 8 बजे से रात्रि 9 बजे तक के लिए प्रतिबंधित कर दिया है।

### मिस्क्सर से जा भिड़ी कार, चालक को आई चोट

**ढीमरखेड़ा।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत के खिरवा और सिमरिया के बीच मिस्क्सर मशीन और कार की आपस में भिड़ंत हो गई। घटना में कार चालक को चोट पहुचीं हैं। जानकारी के मुताबिक वाहन चालक बड़ी पोंडी से ट्रैक्टर में मिस्क्सर मशीन फंसाकर ढीमरखेड़ा लेकर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही रही कार क्रमांक एमपी 20 जेडई 0964 का चालक मिस्क्सर में जाकर भीड़ गया।घटना में मिस्क्सर मशीन और कार क्षतिग्रस्त हो गई। कार चालक को भी चोट आई है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**हरिभूमि न्यूज: कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत चाका बायपास मार्ग में हुए एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। बताया जाता है कि बरियारपुर गांव से अपने जीजा को लमतरा में छोड़कर बाइक से घर लौट रहे युवक और उसके दोस्त को कार ने टक्कर मार दी। दोनों घायलों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। कटनी पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। बरियारपुर रीठी निवासी संतोष यादव पिता रामलाल यादव 35 साल, अपने गांव के ही दोस्त रोहित आदिवासी पिता बलुआ आदिवासी 45 वर्ष के साथ शुक्रवार की शाम को अपने जीजा को छोड़ने लमतरा गांव गया था जीजा को रात में लमतरा में छोड़ने के बाद दोनों मोटर साइकिल से वापस अपने घर लौट रहे थे।जैसे ही दोनों कुठला थाना क्षेत्र के केलवारा गांव के पास पहुंचे उनकी मोटर साइकिल को एक कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों युवकों को गंभीर चोट आई। इसके बाद आस-पास के लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को इसकी सूचना दी, जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां इलाज के दौराना दोनों की मौत हो गई।

# नेताओं की नाकामी: मुख्तियार गंज रेलवे ओवर ब्रिज की चौड़ाई कम की गई

**सतना।** नेताओं की नाकामी एक बार फिर सामने आई है। मुंबई-हावड़ा रेलमार्ग के मुख्त्यारगंज में 31 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे रेलवे ओवर ब्रिज की 3.60 मीटर चौड़ाई को निर्माण एजेंसी सेतु निगम ने गुपचुप तरीके से कम कर दिया है। इसके पहले मेडिकल कॉलेज में कैंसर यूनिट की कटौती की गई थी। अब इस आरओबी की चौड़ाई 12 की जगह 8.40 मीटर कर दी गई है। मुख्त्यारगंज का आरओबी की चौड़ाई का अंदाजा सेमरिया चौक पर बने फ्लाई ओवर के बिरला रोड की और जाने वाली शाखा से लगाया जा सकता है। मुख्त्यारगंज आरओबी की तय की गई चौड़ाई में ट्रैफिक लोड बढ़ने पर वाहनों को निकलने में समस्या होगी। रेलवे ओवर ब्रिज प्रोजेक्ट में बदलाव कई बार हो चुका है।



मुख्त्यारगंज में बन रहे आरओबी की चौड़ाई को कम किए जाने को लेकर तरह-तरह के सवाल उठने लगे हैं। अब यहां के लोग सिविल लाइन से सर्किट हाउस चौक के बीच बने 60 साल पुराने आरओबी को बेहतर बताया जा रहा है,जो मौजूदा समय में साढ़े 12 मीटर चौड़ा और दोनों तरफ साढ़े तीन मीटर में फुटपाथ बना हुआ है। शहर में दूसरे प्रोजेक्टों की तरह मुख्त्यारगंज में बन रहे 650 मीटर लंबे आरओबी में भी कई बदलाव किए गए हैं। सेतु निगम ने रेलखंड के दोनों तरफ के हिस्सों को पहले 12-12 मीटर चौड़ा करने का प्रोजेक्ट तैयार किया,लेकिन मुख्त्यारगंज के क्षेत्र में कई लोगों के भवन को गिराना पड़ता,जिसमें फिर से बदलाव किया गया और उस क्षेत्र में ब्रिज की चौड़ाई को कम कर 8.40 मीटर कर दिया गया। इसी तरह,सिविल लाइन एरिया में भी 12 मीटर की जगह 8.40 मीटर चौड़ाई कर दी गई। एक तरह से आरओबी की चौड़ाई को कम करने के लिए प्रोजेक्ट में बदलाव किए गए।

### प्रोजेक्टों में की गई कटौती

कई प्रोजेक्ट में कटौती की गई है। हवाई अड्डे के रनवे को केवल 1200 मीटर कर दिया गया,जिससे प्लेन उतर नहीं पा रहे। मेडिकल कॉलेज में कैंसर यूनिट को कम कर दिया गया जिससे बजट भी काट दिया गया। इसके साथ ही,सेमरिया चौक के ओवरब्रिज की ड्राइंग-डिजाइन में बार-बार बदलाव हुए जिससे प्रोजेक्ट लेटलतीफी का शिकार हुआ।



## पवन एक्सप्रेस से कटकर युवक की मौत, आत्महत्या की आशंका

सतना

स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्र.-1 पर रविवार को पवन एक्सप्रेस से कटकर एक युवक की मौत हो गयी। मृतक की शिनाख्त समाचार लिखे जाने तक नहीं हो पायी है। जीआरपी द्वारा पंचनामा तैयार कराने के बाद शव को जिला अस्पताल ले जाकर मर्चुरी में रखवा दिया गया है। जीआरपी प्रभारी के अनुसार मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। घटना स्थल की परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये ऐसा प्रतीत होता है कि युवक ने किन्हीं कारणोंवश ट्रेन से कटकर सुसाइड कर लिया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

## परीक्षा देने के बाद कटनी चलीं गईं चारों लड़कियों को पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**सतना।** कोलगवां थाना के टिकुरिया टोला से शनिवार को लापता हुई 8वीं कक्षा की 4 छात्राएं कटनी से सकुशल मिल गईं हैं। छात्राएं परीक्षा देने के बाद लापता हुई थीं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक छात्रा के बहकावे में तीन अन्य छात्राएं उसके साथ चली गईं। छात्राएं पहले भुजवां मोहल्ला पहुंचीं और वहां से ऑटो में बैठकर सतना रेलवे स्टेशन गईं। स्टेशन पर एक लड़का उनके संपर्क में था। उसी ने चारों छात्राओं को कटनी जाने वाली ट्रेन में बिठाया।

### जिस मामा पर आरोप लगाए वहीं मिली छात्राएं

मामले में सबसे बड़ी बात यह है कि जिस छात्रा का सुसाइड नोट मिला था,उसमें जिस मामा पर आरोप लगाए गए थे,छात्राएं उसी के पास कटनी में मिलीं।मामा ने सभी छात्राओं को अपने घर ले जाकर उनकी स्कूल ड्रेस भी बदलवा दी। यह बात संदेह पैदा करती है कि मामा को कैसे पता चला कि बच्चियां कटनी में हैं। एक छात्रा की मां ने बताया कि देर रात मामा का फोन आया। उसने पूछा कि जब सभी बच्चियां उसके पास हैं।तो गुमशुदगी की रिपोर्ट क्यों दर्ज कराई गई।छात्राएं रविवार सुबह 6 बजे परिजनों के साथ सतना पहुंच गईं।पुलिस अब छात्राओं के बयान दर्ज कर रही है। अन्य छात्राओं के परिजन भी मामा की भूमिका पर आपत्ति जता रहे हैं।



पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है।

### मोबाइल फोन पर बात करने पर मां ने लगाई थी फटकार

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक छात्रा ने मोबाइल फोन पर इंस्टाग्राम आईडी बनाई थी। जिसे लेकर परिवार वालों को संदेह था कि वह किसी से बातचीत करती है। इसी बात को लेकर लड़की की मां ने डांट फटकार लगाई थी। उसी के बाद एक लड़की ने सुसाइड नोट घर पर लिखा और फिर अपनी तीन सहेलियों को लेकर लापता हो गईं। बरहाल लड़कियों के मिलने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है।

## एकेएस का सांस्कृतिक दल 38 वें एआईयू इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टिवल में लहराएगा परचम

**सतना।** 38वें एआईयू इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टिवल 2024-25 का आयोजन एमिटी विश्व विद्यालय नोएडा उत्तर प्रदेश में दिनांक 3 से 7 मार्च 2025 के मध्य किया जा रहा है,जिसमें पूरे भारत वर्ष से 148 विश्वविद्यालय सहभागिता दे रहे हैं। इस प्रतियोगिता में एकेएस विश्वविद्यालय सतना का 44 सदस्यीय सांस्कृतिक दल पांच विधाओं में सहभागिता देगा। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक दल ने सेंट्रल जोन यूथ फेस्टिवल में डॉं हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में सहभागिता दी थी,जहां विश्वविद्यालय ने समूह गान भारतीय एवं लोक नृत्य आदिवासी नृत्य विधा में प्रथम स्थान अर्जित किया था तथा मेहंदी फोक आर्केस्ट्रा एवं एकांकी विद्या में तृतीय स्थान अर्जित किया था और अब विश्वविद्यालय का सांस्कृतिक दल राष्ट्रीय स्तर पर एकेएस विश्वविद्यालय एवं सेंट्रल जोन का प्रतिनिधित्व करेगा। लोक नृत्य विधा में विश्वविद्यालय की टीम के द्वारा अहीर लोक नृत्य का प्रदर्शन किया जाएगा। अहीर नृत्य मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड अंचल का एक प्रमुख लोकनृत्य है यह दीवाली के अवसर पर अहीर जनजाति द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में किया जाता है ढोल,नगड़यिा,झांझ इसमें प्रयुक्त होने वाले प्रमुख वाद्ययंत्र हैं। समूह गान भारतीय विधा में देश भक्ति गीत जागो देश के नौजवान के साथ ब्रज की होली का चित्रण करते हुए मनमोहन लोकगीत की प्रस्तुति देंगे। एकांकी विद्या के अंतर्गत महा भारत की कथा पर आधारित नाटक उरुभंगम का मंचन किया जाएगा। फोक आरकेस्ट्रा विधा के अंतर्गत बघेली एवं बुंदेली लोक परंपरा से जुड़े हुए संगीत का प्रदर्शन किया जाएगा।इस प्रतियोगिताओं की तैयारी में डॉ दीपक मिश्रा सहायक निदेशक सांस्कृतिक निदेशालय,बालकृष्ण मिश्रा कोऑर्डिनेटर सांस्कृतिक निदेशालय,प्रियेश झा फैकल्टी मेंबर म्यूजिक वोकल श्रीमती नीरू सिंह फैकल्टी मेंबर फाइन आर्ट्स, आशुतोष सोनी,सचिन चौधरी,पंकज गोस्वामी,अमरकांत चौधरी का कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन महत्वपूर्ण रहा। विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक निदेशालय की इस सफलता पर कुलाधिपति बी.पी. सोनी,प्रो चांसलर अनंत कुमार सोनी,कुलपति प्रो.बी ए.चोपडे,प्रतिकुलपति डॉ.हर्षवर्धन,डॉ.आर. एस. त्रिपाठी,अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो.जी.सी.मिश्रा,के साथ समस्त संकायों के डीन,डायरेक्टर्स और फैकल्टी मेंबर्स ने सांस्कृतिक दल को अग्रिम बधाई देते हुए सभी विधाओं के कलाकारों उनके निदेशकों और टीम मेंबर्स को शुभकामनाएं दी हैं।



# नेमिशवर धाम विद्या ज्योतिर्मय तीर्थ की स्थापना, रविवार को किया गया शिलान्यास

सतना।आचार्य भगवान श्री समय सागर जी महाराज ससंघ के मंगल सानिध्य में नगर में विकसित होने जा रहे तीर्थ क्षेत्र का भूमि शुद्धिकरण एवं शिलान्यास समारोह संपन्न हुआ। रविवार दोपहर 2:26 पर शुभ मुहूर्त में बाल ब्रह्मचारी श्री विनय भैया जी के नेतृत्व में दिगंबर जैन श्रावको के द्वारा शिलान्यास विधि धार्मिक रीति रिवाज एवं मंत्रोच्चार के मध्य संपन्न हुई। शिलान्यास विधि समारोह में 40 साधुओं का मंगल सानिध्य एवं अशोकनगर गुना कटंगी जबेरा आदि देश के विभिन्न हिस्सों से पधारे हुए जैन धर्मावलंबियों की उपस्थित उल्लेखनीय रही।



स्थानीय पन्नीलाल चौक में स्थित श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर शीघ्र अतिशय क्षेत्र के रूप में विकसित होगा। उल्लेखनीय है कि नगर में पिछले लगभग डेढ़ सौ वर्ष पूर्व निर्मित श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर को तोड़कर उसका पुनः निर्माण श्री महावीर दिगंबर जैन परमार्थिक संस्था के द्वारा कराया जा रहा है। समाधि सम्राट राष्ट्र संत आचार्य भगवान श्री विद्यासागर जी महाराज की भावना के अनुरूप मंदिर जी को एक आदर्श क्षेत्र के रूप में विकसित करने का निर्णय संपूर्ण समाज के द्वारा लिया गया था। आचार्य भगवान श्री समय सागर जी की प्रेरणा से बनने वाले इस क्षेत्र के प्रति सतना के लोगों में अत्यंत उत्साह के भाव है। विगत 8 जनवरी को आचार्य भगवन समय सागर जी के सतना आते ही लोगों के भाव मंदिर नव निर्माण के होने लगे थे। जिसे आचार्य श्री के समक्ष अभिव्यक्त करने पर उन्होंने समाज को मंदिर नव निर्माण के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। और मंदिर के नवनिर्माण की राह आसान हुई।

### हजारों वर्षों तक जैन संस्कृति का रहेगा प्रतीक

स्थानीय महावीर दिगंबर जैन मंदिर का विकास तीर्थ क्षेत्र के रूप में चल रहा है। निर्माण होने वाला मंदिर लाल पाषाण से निर्मित होगा एवं यह हजारों हजार वर्ष तक जैन संस्कृति की रक्षा एवं उसके प्रचार प्रसार में सहायक सिद्ध होगा। लाल पाषाण से बनने वाला अद्भुत जैन मंदिर तीन खंड का एक उत्तुंग जिनालय होगा। दूर-दूर से इस जिनालय के गगनचुंबी शिखरो के दर्शन जन सामान्य को हो सकेंगे।

### ऐसी होगी मंदिर की रचना

निर्माणाधीन मंदिर लाल पाषाण से तो निर्मित होगा ही इसके साथ इस मंदिर में पंच बालयति तीर्थंकर भगवान की विशाल पद्मासन प्रतिमाएं स्थापित की जाएगी जिससे यह मंदिर पंच वालयती मंदिर कहलाएगा। एक वेदिका पर जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव एवं उनके पुत्र भगवान बाहुबली एवं भारत को विराजमान किया जाएगा। वहीं एक वेदिका पर अतिशयकारी भगवान शांतिनाथ जी कुंथुनाथ जी एवं अरहनाथ जी की विशाल खडगासन प्रतिमा को विराजमान किया जावेगा। वही मंदिर का प्रमुख आकर्षण भूत भविष्य और वर्तमान काल के 24- 24 तीर्थंकर भगवंत की कुल 72 प्रतिमाएं अर्थात त्रिकाल चौबीसी की स्थापना भी उक्त मंदिर में की जावेगी।

### आप ही करेंगे प्राण प्रतिष्ठा

इस अवसर पर अपने भाव व्यक्त करते हुए जैन समाज के अध्यक्ष डॉ अरविंद सराफ मंत्री अंशुल जैन एवं निर्माण कमेटी के अध्यक्ष इंजीनियर रमेश जैन ने आचार्य श्री से आग्रह करते हुए कहा कि हे भगवान हम सतना के जैन श्रावक आचार्य भगवन विद्यासागर जी के स्वपन को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध एवं तत्पर है। आपकी प्रेरणा से हम इस कार्य को करने का भाव रखते हैं। हमारा यह कार्य शीघ्र ही पूर्ण हो ऐसी हम सभी की भावना है। आपने इस कार्य का शिलान्यास अपने सानिध्य में कराया है। अब आप श्री की ही प्रेरणा और ससंघ सानिध्य में इस मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा गजरथ पंचकल्याणक भी संपन्न हो ऐसी हम सभी की भावना है।

## मुख्यमंत्री ने शिव महापुराण की कथा का किया श्रवण



**सतना।** डॉ मोहन यादव ने इस अवसर पर व्यास पीठ पर विराजित राजगुरु बद्री प्रपन्नाचार्य और पौड़ी धाम के स्वामी वल्लभाचार्य महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया और शिव महापुराण की कथा का श्रवण किया। रामपुर बघेलान के विधायक विक्रम सिंह और श्रीमती शिवांगी सिंह द्वारा स्व.हर्ष नारायण सिंह पूर्व मंत्री की पुण्य तिथि पर रामपुर बघेलान में 25 फरवरी से 5 मार्च तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने स्व.हर्ष नारायण सिंह के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपने श्रृद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल,राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी,विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार,जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल,जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## चार मोबाइल मेडिकल यूनिट शुरू,गांव-गांव जाकर करेंगी मुफ्त इलाज

**सतना।** दूरदराज के गांवों में रहने वाले गरीब मरीजों को अब बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। रविवार को सांसद गणेश सिंह ने 4 मोबाइल चिकित्सा वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन निःशुल्क चलित अस्पताल के रूप में काम करेंगे। इनमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों जैसी सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।हर वाहन में डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ तैनात रहेगा। गेल इंडिया के सहयोग से मिली इन मोबाइल यूनिटों को एक निश्चित रूट चार्ट के अनुसार गांव-गांव भेजा जाएगा। सीएमएचओ डॉक्टर एल के तिवारी के अनुसार इन चलित अस्पतालों का साप्ताहिक कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है।ये मोबाइल यूनिट न केवल मरीजों का प्राथमिक उपचार करेंगी बल्कि उनकी नियमित जांच भी करेंगी। सांसद सिंह ने बताया कि इन यूनिटों को खासतौर पर उन इलाकों में भेजा जाएगा जहां के लोगों को अस्पताल पहुंचने में परेशानी होती है। यह पहल अस्पताल आपके द्वार की अवधारणा पर आधारित है।



## अब ऑनलाइन होगा जीपीएफ का अंतिम भुगतान, दो दिवसीय प्रशिक्षण आज से

रीवा

शासकीय कार्य से सेवानिवृत्त होने पर अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके सामान्य भविष्यनिधि खाते जीपीएफ की राशि का भुगतान किया जाता है। इसके अंतिम भुगतान की व्यवस्था में परिवर्तन करते हुए अब ऑनलाइन भुगतान की व्यवस्था की गयी है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अब सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को वित्त विभाग के पोर्टल आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर पर ही ई-जीपीएफ के माध्यम से अंतिम भुगतान ऑनलाइन किया जायेगा। इस संबंध में वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश 21 फरवरी 2025 से लागू कर दिये गये हैं। कलेक्टर ने कहा है कि ई-जीपीएफ भुगतान के संबंध में सभी आहरण संवितरण अधिकारियों और लेखापालों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण ई दक्ष केन्द्र शिल्पी प्लाजा बी-ब्लाक रीवा में 3 और 4 मार्च को आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण दो सत्रों में सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक दिया जायेगा। सभी आहरण संवितरण अधिकारी अपने लेखापाल के साथ प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। जिला कोषालय अधिकारी तथा जिला ई प्रबंधक ई-गवर्नेंस प्रशिक्षण के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करें।

## खबर संक्षेप

### 75 वर्षीय सफर में वन विभाग ने जनजाति समुदाय पर ऐतिहासिक अन्याय किए हैं

**वनों के निजीकरण के खिलाफ आदिवासी दलित क्रांति सेना (बुंदेलखंड) ने खोला मोर्चा**

**सरकार जंगलों का निजीकरण करती है तो सरकार को बड़ी कीमत चुकानी होगीरू केपी सिंह बुंदेला**

**पन्ना।** आदिवासी दलित क्रांति सेना (बुंदेलखंड) के संयोजक केपी सिंह बुंदेला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सरकार वन अधिकार- 2006 को समाप्त करना चाहती है जिसमें आदिवासी दलित वर्ग अपने बाल बच्चों का पालन पोषण करती है प्राइवेट सेक्टर में जंगल को जाने से महुआ, अचार, आवाला नहीं तोड़ पाएंगे जंगल में निवास करने वाले आदिवासी का जीवन यापन करना दुर्लभ हो जाएगा यह कैसी सरकार है जो अतीगरीबों के विरुद्ध काम कर रही है अगर सरकार यह कानून पारित करती है पन्ना जिले में क्रांति का आगाज होगा सरकार को भुगतना ना पड़ेगा सरकार को एक बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है जंगलों में निवास करने वाले आदिवासी दलित वर्ग सड़कों में उतरेंगे जिसकी जिम्मेवारी शासन की होगी प्राइवेट सेक्टर में जंगल को जाने से गरीबों का मुंह का नेवला छुड़ाने का काम कर रही है जिसको आदिवासी दलित क्रांति सेना बर्दाश्त नहीं करेगी हर हाल में सरकार को विचार करना होगा जंगल को प्राइवेट सेक्टर में जाने से रोकना होगा।

### साहित्य समागम एवं सम्मान समारोह 8 मार्च को

**दमोह।** मध्य प्रदेश लेखक संघ के तत्वावधान में 8 मार्च 2025 (शनिवार) को दोपहर बाद 2:00 बजे से स्थानीय मानस भवन (अस्पताल चौराहा) में साहित्य समागम एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन होगा, इस संबंध में एक बैठक संघ के जिला अध्यक्ष इंजीनियर अमर सिंह राजपूत के निज निवास पर हुई। कोषाध्यक्ष बीएम दुबे ने बताया कि उक्त बैठक में समारोह की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया जिसके अनुसार संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के मुख्य आतिथ्य में तथा प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र गट्टानी की अध्यक्षता में उक्त समारोह का आयोजन होगा, समारोह के विशिष्ट अतिथि विधायक एवं पूर्व वित्त मंत्री जयंत कुमार मलैया, नगर पालिका अध्यक्षा मंजू राय, पूर्व विधायक अजय टंडन एवं बीजेपी के जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे होंगे, विशिष्ट वक्तागण में मध्य प्रदेश लेखक संघ के प्रदेश संरक्षक डॉ. रामबल्लभ आचार्य तथा वरिष्ठ साहित्यकार एवं शिक्षाविद डॉ.एनआर राठौर होंगे। समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार एवं गीतकार सत्यमोहन वर्मा का प्रदेश इकाई द्वारा सम्मान किया जाएगा। बैठक में डॉ. रघुनंदन चिले, नारायण सिंह ठाकुर, नन्हे सिंह ठाकुर, अमर सिंह राजपूत, मंजू राजपूत, पीएस परिहार एवं बीएम दुबे की मौजूदगी रही।

### नगर में पेयजल सप्लाई प्रभावित, पानी के लिए परेशान आम जनता

**पथरिया।** नगर की 22 करोड़ 95 लाख रुपए से अधिक की मुख्यमंत्री शहरी पेयजल आपूर्ति योजना चालू होने के बाद भी जबसे शुरू हुई कभी नियमित रूप से संचालित नही हो पाई ना ही फिल्टर युक्त पानी पहुंचा कहने के लिए फिल्टर प्लांट पर हर महीने रख रखाव पर पैसा खर्च हो रहा है। उसके बाद भी घरों में जो पानी पहुंच रहा है। वह पीने योग्य नही है मट मैला पानी पहुंच रहा है। उसमें भी कोई केमिकल नही डलने से बदबू आती है। लेकिन नगर की जनता की मजबूरी है हेडपंप में जल स्तर नीचे पहुंच जाने से जो सप्लाई में आए वही पीने को मजबूर है। अभी तक 4-5 दिनों में पानी मिल रहा था लेकिन विगत 8-10 दिनों से जल सप्लाई बंद पड़ी हुई है। जनप्रतिनिधियों को कोई दिक्कत नही उनके घरों में टेंकर पहुंच जाते हैं परेशानी सिर्फ नगर की आम जनता के लिए है। जो पानी के लिए पिक्का लेकर इधर उधर भरने जाना पड़ रहा है।

# थाना धरमपुर में थाना प्रभारी का जन्म दिन मनाने में सीमायें लांघने वहीं एस.पी. ने सोशल मीडिया में वायरल हो रहे वीडियो को संज्ञान में लिया

**चार को किया लाईन अटैच, जांच भी एस.डी.ओ.पी अजयगढ़ को सौंपी, जांच के बाद कार्यवाही की दिशा होगी तय**

देश भक्ति जन सेवा की कर्तव्यनिष्ठ भूमिका निभाने को लेकर पुलिस सदैव जो जानी जाती है थाना धरमपुर कार्यालय में अंदर ही थाना प्रभारी का जन्मदिन मनाने में फिल्मी हालात में पुलिस का रोल पीले-पीले ओ मेरे राजा पड़ा मंहगा, एस.पी. सांई कृष्ण एस.थोटा ने शोसल मीडिया में हो रहे वायरल वीडियो को लिया संज्ञान में तथा चार को प्रथम दृष्टया ही किया लाईन अटैच वहीं जांच भी एसडीओपी अजयगढ़ को सोंपी जांच के बाद भी कार्यवाही आगे हो सकती सकती है तय।



**पन्ना।**

जिले में कानून व्यवस्था का पालन कराने को लेकर देश भक्ति जन सेवा का जज्बा लिये जहां पुलिस अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करती है वहीं पुलिस की वर्दी को लेकर स्वयं ही सम्मान की दिशा को लेकर जाना जाता है। थाना धरमपुर में थाना प्रभारी का जन्मदिन मनाने को लेकर जहां अपनी सीमायें ही जिम्मेदार थाने के अंदर ही कार्यालय में लांघ गये। फिल्मी अंदाज में स्वयं अपने आप को पेश किया वहीं किसने वीडियो वायरल किया यह तो वही जाने जिस अंदाज में पीले-पीले ओ मेरे राजा का गाना गाते हुये अलग अंदाज में जहां थाना धरमपुर कार्यालय में थाना प्रभारी का जन्मदिन मनाया गया। जिस वीडियो को लेकर पुलिस की कर्तव्य निर्वाहन वाले देश भक्ति जनसेवा में समर्पित पुलिस की कार्यप्रणाली अपने आप में कहीं न कहीं थाना धरमपुर में जिस तरह से भूल कर बैठी पुलिस को मंहगी पड़ गई। क्योंकि जिले में एस.पी. सांई कृष्ण एस. थोटा जिनकी कार्य प्रणाली स्वयं ही जानी जाती है। त्वरित कार्यवाही को लेकर आपका निर्णय कई बार जाना गया है उसी अंदाज में इस मामले में भी थाना धरमपुर कार्यालय के अंदर थाना प्रभारी के जन्मदिन के मनाने में जो वीडियो वायरल हुआ इसके बारे में जब आपसे जाना गया तो एस.पी. सांई कृष्ण एस. थोटा ने जवाब दिया कि वीडियो को देखते ही चार लोगों को लाईन अटैच किया गया है वहीं मामले की जांच एसडीओपी को सोंपी गई है। इस तरह से कार्यवाही तो हो गई वहीं आगे भी जांच के बाद होगा क्या यह भी शेष। आखिर पुलिस की वर्दी में जहां हमारे देश भक्ति जन सेवा को लेकर पुलिस का सम्मान जो जाना जाता है इसको लेकर भी थाना धरमपुर में कार्यालय के अंदर थाना प्रभारी का जन्मदिन मनाने में मर्यादायें कैसे भूल गये। हमारे जिम्मेदार आखिरकार समाज में पुलिस की भूमिका जो प्रथम दृष्टया न्याय पाने को लेकर थाने की दहलीज में ही लोग जाते है जहां थाने से ही न्याय की राह आरंभ होती है। फिर थाने के अंदर यह सब करना कहां तक लाजमी था आखिर शासकीय सेवा मिलना कितना कठिन होता है उसके बाद भी पद की गरिमा बनाये रखना तथा जहां समाज आपकी तरफ देखती है सम्मान की नजर से उस सम्मान को बचाये रखना भी आपकी नैतिक जिम्मेदारी है। जो भूल की गई उसको क्षमा नहीं किया गया एस.पी. सांई कृष्ण एस.थोटा जो अपनी कर्तव्यनिष्ठ कार्यप्रणाली को लेकर जिले में आते ही जाने गये थे वहीं कई बार आप त्वरित ही कार्यवाही को लेकर जाने जाते है वही हाल इस मामले में भी सामने आया है। आखिर अब शायद जिले में इस घटना के बाद जिम्मेदारों को सबक जरूर मिलेगा ताकि पुलिस का सम्मान समाज में सदैव अपनी जगह बनाये रखने को लेकर जाना जाये। ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति न हो यह कार्यवाही से ही तय होगा। वहीं थाना प्रभारी व जिम्मेदारों को अपने पद की गरिमा बनाये रखना स्वयं की जिम्मेदारी होती है जिसका ख्याल भी सदैव रखा जाना चाहिये। शासकीय कार्यालय को अपना घर न समझा जाये। सेवा के समय कार्यालयीन समय में जिम्मेदारी का दायित्व सदैव याद रखा जाये अपने घर में अपनी खुशियां स्वयं कैसे मनानी है वह आप स्वयं ही जिम्मेदार होंगे पर शासकीय कार्यालय में इस तरह से जो हुआ वह निश्चिततौर पर अशोभनीय तो सामने आया ही वहीं कार्यवाही के बाद शायद सदैव के लिये सबब बन जाये। इस मामले को लेकर थाना प्रभारी धरमपुर से भी मोबाइल से बात की गई तो अपका कहना था कि जब यह डांस हो रहा था उस समय मै वहां मौजूद नहीं था, वहीं वीडियो जो वायरल हुआ है उसमें छेड़छाड़ का आरोप भी लगाया गया है। मामला चाहे जो हो यह तो जांच का विषय बन ही गया।

## श्रीमद् शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन पं. ब्रजेश जी महाराज ने दिए महत्वपूर्ण उपदेश, भक्ति के स्थायित्व पर प्रकाश डाला



**देवेन्द्रनगर।** देवेंद्रनगर में श्रीमद् शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन की शुरुआत हुई, जिसमें पं. ब्रजेश जी महाराज ने भगवान शिव के अद्भुत रूपों और उनके प्रभाव पर गहन विचार किए। इस दिन की कथा में विशेष रूप से शिवलिंग के महत्व, तीर्थस्थलों के धार्मिक महत्व, और भक्ति के स्थायित्व पर विस्तार से उपदेश दिया गया। पं. ब्रजेश जी महाराज ने अपने उपदेश में कहा, ष्मानव के जीवन में जो भी पद प्राप्त होता है दृ चाहे वह मंत्री का पद हो, नौकरी का पद हो या कोई भी सम्मान दृ वह स्थाई नहीं रहता। केवल भक्ति ही है जो स्थाई रहती है, और यही सच्चा मार्ग है।ष उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि भक्ति की शक्ति से इंद्र के सिंहासन तक पहुंचा जा सकता है, लेकिन भक्ति ही वह स्थायी तत्व है जो जीवन को सच्चे मार्ग पर मार्गदर्शन देता है। पं. ब्रजेश जी महाराज ने शिवलिंग के विभिन्न रूपों और उनके महत्व को विस्तार से समझाया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि भगवान शिव के प्रति श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा करना जीवन के कष्टों को समाप्त करने का उत्तम मार्ग है। कथा में पं. ब्रजेश जी महाराज ने भगवान राम और भगवान शिव से जुड़े कुछ अन्य प्रसंगों का भी उल्लेख किया, जिनमें रामायण और शिवपुराण के बीच गहरे रिश्ते को बताया गया। उन्होंने नारद मोह का प्रसंग भी सुनाया, जिसमें देवर्षि नारद के मोह से मुक्ति की महिमा को बताया। इस दिन की कथा में भक्तों ने ध्यानपूर्वक कथा का श्रवण किया और भगवान शिव की महिमा का अनुभव किया। आयोजन का वातावरण श्रद्धा और आस्था से भरा रहा। यह आयोजन 8 मार्च 2025 तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से जारी रहेगा और 8 मार्च को विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा, जिसमें क्षेत्रवासियों को प्रसाद वितरित किया जाएगा।

### आयोजन का संचालन और आयोजनकर्ता

यह धार्मिक आयोजन देवेंद्रनगर में 1986 में स्थापित एक छोटे से मंदिर के जीर्णोद्धार और नवीनीकरण के बाद आयोजित किया जा रहा है। इस मंदिर को अब भव्य शिवालय का रूप दिया गया है, और इसी के कारण यह आयोजन आयोजित किया जा रहा है।

## मुख्य नगर पालिका अधिकारी की उपस्थिति में नगर के छत्रसाल पार्क में स्वच्छता सर्वेक्षण सिटीजन फीडबैक अभ्यास कार्यक्रम संपन्न



**पन्ना।** मेरा शहर, मेरी पहचान मूलमंत्र के साथ स्वच्छता अभियान को प्रभावी बनाने हेतु उन्नत शिखर संघर्ष समिति पन्ना के तत्वाधान में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के नेतृत्वकर्ताओं को लेकर छत्रसाल उधान पन्ना में ऑनलाइन लिंक के माध्यम से स्वच्छता सर्वेक्षण सिटीजन फीडबैक 2024 का अभ्यास कराया गया। जिसमे स्वच्छता सर्वेक्षण मेरा शहर, मेरी पहचान मूलमंत्र को लेकर नागरिक सहभागिता पर जोर दिया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशिकपूर गढ़पाले जी की उपस्थिति में नागरिक सर्वेक्षण को प्रभावी बनाने हेतु सीएमसीएलडीपी नेतृत्वकर्ताओं के विभिन्न समूहों का गठन किया गया। जिससे नगर के सभी क्षेत्रों में स्वच्छता जागरूकता को बढ़ावा दिया जा सके। इस पहल का उद्देश्य नगर में स्वच्छता की वास्तविक स्थितियों का मूल्यांकन करना है,ताकि स्थितियों में सुधार कर नगर को स्वच्छ बनाकर शहर को इंदौर और भोपाल नगर की तर्ज पर प्रथम श्रेणी में लाया जा सके इस हेतु प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक होगी। उक्त अभ्यास कार्यक्रम श्री शशिकपूर गढ़पाले मुख्य नगर पालिका अधिकारी(सीएमओ) पन्ना तथा श्री आनंद पांडेय जिला समन्वयक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद पन्ना के द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए संस्था प्रमुख शेख अंजाम को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में संस्था के कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम से जुड़े नेतृत्वकर्ताओं की उपस्तिथि रही।

## नगर में कार्यपालन यंत्री ने दिया विद्युत चोरी करने वालों को कड़क संदेश

**लगभग 6 से 7 लोगों के ऊपर विद्युत चोरी करने को लेकर कार्यवाही वहीं समय पर ईमानदारी से विद्युत का उपयोग के साथ विद्युत बिल भी पटायें**




**पन्ना।** विद्युत विभाग की उड़नदस्ता टीम द्वारा जहां नगर में विद्युत चोरी को ध्यान में रखकर मीटर कनेक्शन चैक करने की कार्यवाही को जमीनी पड़ताल को लेकर जाना वहीं कार्यपालन यंत्री विद्युत अमतेश मिश्रा जिनका शोसल मीडिया में वायरल वीडियो स्वयं ही संदेश बना हुआ है। ईमानदारी से विद्युत का उपयोग करें जिस तरह से 24 घंटे विद्युत चाहते है उसी तरह समय पर विद्युत बिल भी पटायें। आम जनता को यह वीडियो विद्युत उपयोग को लेकर संदेश माना जा रहा है। वहीं जिस तरह से जिला मुख्यालय में विद्युत विभाग के द्वारा यह कार्यवाही की गई है। शोसल मीडिया वीडियो में ही स्वयं कार्यपालन यंत्री के द्वारा विद्द्युत कनेक्शन चैक करने पर 6-7 लोग जो कार्यवाही का शिकार हुये है यह भी बयां हो रहा है। निश्चित तौर पर विद्युत विभाग कभी कभी स्वयं ही अपनी कार्यवाहियों से जाना जाता है। जबकि इनके मीटर रीडर हर घर में जब रीडिंग लेने जाते है तो क्या इनको यह जानकारी होती नहीं क्या? वहीं सवाल यह उठता है कि कई जगह जिले में सीधे ट्रांसफार्मरों से विद्युत चोरी की लाईन फसाने की सड़कों से ही नजर आती है उसका जिम्मेदार कौन है पर यहां तो यह कार्यवाही ही सबक मानी जा रही है जिस तरह से आज विद्युत विभाग के द्वारा जमीनी स्तर पर पड़ताल करके कार्यवाही की दिशा जो तय की गई है निश्चिततौर पर जब जिम्मेदार अधिकारी मामले को संज्ञान में लेते है तो सुधार की दिशा तय होती है समय-समय पर ऐसी कार्यवाहियां होती रहे तो अवैध तरीके से विद्युत चोरी में विराम लगने की दिशा तय हो सकती है।

**व्यक्ति के जीवन को सुधारने का काम कर रही भारतीय जनता पार्टी विधायक राजेश वर्मा**

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत परिणय सूत्र में बंधे 304 जोड़े

**मढेश्वर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत कार्यक्रम हुआ संपन्न क्षेत्रीय विधायक ने बर-वधू को दिया आशीर्वाद**






**अमानगंज।** प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर पूरे प्रदेश में जनपद पंचायत क्षेत्र में मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाय योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और सामूहिक कार्यक्रम में एक साथ सैकड़ो जोड़े परिणय सूत्र में बंधते हैं इसी तारतम में पन्ना जिले की गुनौर विधानसभा अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बेली हिनौती के मढेश्वर में भी रविवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाय योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 304 जोड़े परिणाय सूत्र में बधे जहां वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूरे विधि विधान एवं रीति रिवाज के साथ विवाह सम्पन्न कराया गया एवं कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे बाराती पक्ष एवं वधू पक्ष के लोगों को भोजन कराया गया जहां उपस्थित मुख्य अतिथि गुनोर विधानसभा के विधायक डॉ राजेश वर्मा ने सभी जोड़ों को आशीर्वाद दिया साथ ही 49 हजार रुपए की चेक भी वितरित की गई विधायक डॉ राजेश वर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार व्यक्ति के जीवन को सुधारने का काम कर रही है एक समय जब बच्ची घर में जन्म लेती थी तो उसे बोझ समझा जाता था मगर प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव द्वारा बेटियों के विवाह एवं उनके पठन-पाठन की जिम्मेदारी लेकर घर परिवार को चहकाने का काम प्रदेश सरकार कर रही है आज बेटी को सम्मान की नजर से देखा जाता है जिसका पूरा श्रेय भारतीय जनता पार्टी की सरकार को जाता है विधायक राजेश वर्मा ने कहा कि सम्मेलन में शादी करने के बाद किसी को घबराना नहीं है सम्मेलन की शादी एक सफल जीवन के लिए होती है जिसका उदाहरण खुद विधायक डॉ राजेश वर्मा है विधायक ने कहा कि मेरी शादी भी सम्मेलन से हुई थी और आज भी घर में किसी प्रकार का मतभेद नहीं होता है कार्यक्रम में गुनौर जनपद पंचायत की अध्यक्ष जनपद पंचायत के सदस्य सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे वहीं कार्यक्रम की व्यवस्थाएं जनपद पंचायत गुनौर के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा की गई।

## अल्प प्रवास पर मां कलेही स्टोन क्रेशर पहुंचे बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर

**क्रेशर के संचालक व परिजनों से की सौजन्य भेंट, दिया आशीर्वाद**





**पवई।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बीती रात को अचानक कटनी जाते समय अल्प प्रवास के लिए टाई स्थित मां कलेही स्टोन क्रेशर पहुंचे, जहां उन्होंने थोड़े समय विश्राम करके स्टोन क्रेशर के संचालक शैलेश नगायच और उनके परिजनों से मुलाकात की तथा सभी को आशीर्वाद दिया, जिसके बाद वह कटनी के लिए रवाना हुई। बता दें कि वे पूर्व मंत्री संजय सत्येंद्र पाठक के बेटे यश पाठक को विवाह के बाद आशीर्वाद हेतु कटनी

**एनएचएम की नवीन संविदा नीति-2025**

## वेतनवृद्धि, मातृत्व और पितृत्व अवकाश, सेवा सुरक्षा के प्रावधान नवीन नीति में शामिल

**पन्ना।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की नवीन संविदा कर्मचारी नीति-2025 का निर्धारण किया गया है। नवीन नीति से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में स्थायित्व आएगा और कर्मचारियों को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा। यह निर्णय स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी और सुचारु बनाने में भी सहायक होगा। एनएचएम की नवीन नीति में संविदा कर्मचारियों को कई महत्वपूर्ण सुविधाएँ प्रदान की गई हैं। अब कर्मचारियों को हर वर्ष अनुबंध के नवीनीकरण की आवश्यकता नहीं होगी। कर्मचारियों के कार्य प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिए एक पारदर्शी और समयबद्ध वार्षिक सेवा आधारित रिपोर्टिंग प्रणाली लागू की गई है। कर्मचारियों की शिकायतों के त्वरित और प्रभावी निवारण के लिए एक अपीलीय अनुक्रम स्थापित किया गया है। संविदा कर्मचारियों की सेवा समाप्ति का अधिकार केवल मिशन संचालक एनएचएम के पास होगा और यह केवल प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन करने के बाद ही किया जा सकेगा। नवीन नीति में वेतनवृद्धि को भी एक सुव्यवस्थित ढांचे में लाया गया है। अब उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर नियमित वेतनवृद्धि का लाभ मिलेगा। गर्भवती महिलाओं को नियुक्ति के समय प्रसव के छह सप्ताह बाद (सातवें सप्ताह से) कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति दी जाएगी, जिससे वे मातृत्व के शुरुआती दिनों में समुचित देखभाल प्राप्त कर सकेंगी। इसी तरह मातृत्व अवकाश और पितृत्व अवकाश के प्रावधान भी संविदा कर्मचारियों के लिए लागू किए गए हैं।

### अनुकंपा नियुक्ति और एक्स-ग्रेशिया के प्रावधान

स्वास्थ्य सेवाओं की सुचारु व्यवस्था के लिए संविदा कर्मचारियों को अंतर जिला स्थानांतरण की सुविधा प्रदान की गई है। जिला स्वास्थ्य समिति को जिले में स्थानांतरण का अधिकार दिया गया है। इसके अलावा कर्मचारियों की शिकायतों के समाधान के लिए एक स्पष्ट शिकायत निवारण अनुक्रम निर्धारित किया गया है। आकस्मिक परिस्थितियों में परिवार को सहायता प्रदान करने के लिए अनुकंपा नियुक्ति और एक्स-ग्रेशिया सहायता राशि के प्रावधान किए गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग के नियमों के अनुसार विशेष अवकाश की सुविधा भी संविदा कर्मचारियों को प्रदान की जाएगी। नवीन नीति में कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए यह भी प्रावधान किया गया है कि यदि किसी कर्मचारी के खिलाफ जांच चल रही हो, तो उसे 50 प्रतिशत वेतन प्रदान किया जाएगा। स्थानांतरण प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए ऑनलाइन ट्रांसफर मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया गया है। साथ ही वेतन असमानता की समस्या को दूर करते हुए सभी संविदा कर्मचारियों के लिए वेतन समानता सुनिश्चित की गई है।

## अब 15 मार्च से होगी गेहूं खरीदी

**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार अब रबी विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य संपूर्ण प्रदेश में एक साथ 15 मार्च से 5 मई तक किया जाएगा। पूर्व में संभागवार गेहूं उपार्जन की पृथक तिथि निर्धारित की गई थी। समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिए कृषक आगामी 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं।

## देर रात अमानगंज पहुंचे संत बागेश्वर धाम, मां ज्वाला के किए दर्शन, रज्जू के निवास पर किया शोक संवेदना व्यक्त





**अमानगंज।** बुंदेलखंड के ऊर्जावान संत बागेश्वर धाम के प्रमुख संत पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी पन्ना जिले के अमानगंज नगर में बीती देर रात पहुंचे जहां आप पहले नगर के प्रमुख देवीय स्थल माँ ज्वाला के दरबार पहुंचे और देवीय मंत्रो उच्चारण के बीच आपने माँ ज्वाला की पूजा अर्चना की तदुपरांत सीधा नगर के पूर्व नगर निकाय अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस इ नेता स्वर्गीय राजेंद्र द्विवेदी रज्जू भैया के निवास पहुंचे जहां उनकी प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पण कर घर परिजनो के बीच शोक संवेदना व्यक्त की याद हो कि आप माह अक्टूबर में आपका निधन हो गया था रज्जू भैया के पुत्र सौरभ छोटू दुबे आपके सेवा संगठन के सक्रिय सदस्य हैं जो अमानगंज नगर निकाय मे उपाध्यक्ष का दायित्व संभाले है शास्त्री जी के आगमन पर सेवा संगठन के सभी सदस्य आयोजन में उपस्थित रहे और सभी ने महाराज से आशीर्वाद लेकर उन्हें हर्षपूर्वक विदा किया

## खबर संक्षेप



### सड़क पर गिरा बाईक सवार का पर्स, डेयरी संचालक ने दिखाई मानवता

**छतरपुर।** बीती शाम जिला मुख्यालय पर डेयरी संचालित करने वाले व्यक्ति ने मानवता दिखाते हुए सड़क पर पड़े मिले अज्ञात व्यक्ति के पर्स को सकुशल पुलिस तक पहुंचाया और बाद में पुलिस ने पर्स के मालिक को खोजकर पर्स उसे सौंपा, जिस पर पर्स के मालिक ने पुलिस और डेयरी संचालक का आभार जताया है। पर्स के मालिक बगौता निवासी अंकित दीक्षित ने बताया कि वह शनिवार की शाम को किसी काम से बस स्टैंड गया था, इसी दौरान रास्ते में देरी रोड तिराहा के पास उसका पर्स गिर गया। जमीन पर गिरे पर्स के पैसे सड़क पर उडने लगे थे, जब यह नजारा पास में ही डेयरी संचालित करने वाले मंगल सिंह ने देखा तो तुरंत पूरे पैसे एकत्रित कर पर्स को अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद मंगल सिंह ने रविवार की सुबह सिविल लाइन थाना में उक्त पर्स जमा कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने पर्स के मालिक अंकित दीक्षित का पता उसके परिजनों को थाने बुलाया और पैसों सहित पर्स वापिस लौटाया गया। थाना प्रभारी बाल्मीकि चौबे ने बताया कि पर्स में पैसों के अलावा अंकित सिंह के कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी थे। उन्होंने मंगल सिंह द्वारा किए गए कार्य के लिए उसकी सराहना की। वहीं अंकित के परिजनों ने भी पुलिस और मंडल सिंह का आभार जताया है।

### संगम सेवालय द्वारा दीन दयाल रसोई के सामने थ्री आर पार्क का निर्माण



**छतरपुर।** संगम सेवालय द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए दीन दयाल रसोई के सामने थ्री आर पार्क का निर्माण किया गया है। इस पार्क का मुख्य उद्देश्य सिंगल यूज़ प्लास्टिक, पुराने कपड़ों एवं टायरों का पुनः उपयोग कर उनका रचनात्मक तरीके से दोबारा इस्तेमाल करना है, ताकि लोगों को कचरा प्रबंधन व पर्यावरण बचाने का संदेश दिया जा सके। इस पार्क में पुराने टायरों को आकर्षक ढंग से सजाकर उनमें पौधारोपण किया गया है, जिससे न केवल हरियाली बढ़ेगी बल्कि टायरों का सही उपयोग भी सुनिश्चित हुआ है। साथ ही, इको ब्रिक्स (प्लास्टिक बोतलों में भरी गई रद्दी प्लास्टिक) से सुंदर गमले तैयार किए गए हैं, जिनमें विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त, प्लास्टिक की पुरानी बोतलों को काटकर उनमें भी पौधे लगाए गए हैं, जो पार्क की सुंदरता को बढ़ाते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। संगम सेवालय का यह प्रयास न केवल कचरे के पुनर्चक्रण (रिसाइक्लिंग) का बेहतरीन उदाहरण है, बल्कि लोगों को कचरे को रचनात्मक उपयोग में लाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का कार्य भी कर रहा है। आज पौधरोपण के समय विपिन अवस्थी दिल्लाराम अजीरवार, पटेरिया जी, प्रमोद रैकवार,गौतम विश्वकर्मा, और आकाश रैकवार उपस्थित रहे। संगम सेवालय सभी नागरिकों से अपील करता है कि वे प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करें, कचरे का सही प्रबंधन करें और अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण को बचाने में सहयोग करें।

### रविवारीय पूजन में बच्चों ने सीखा अष्ट द्रव पूजन



**बड़ामलहरा।** परम पूज्य आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज एवं परम पूज्य आचार्य श्री 108 समय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से एवं निर्यापक मुनि श्री 108 सुधा सागर जी महाराज की मंगल प्रेरणा से संचालित क्षुल्लक श्री 105 गणेश प्रसाद जी वर्णी पाठशाला पंचायती मंदिर जी बड़ामलहरा में संचालित पाठशाला के बच्चों ने रविवारीय पूजन में सम्मिलित होकर सामूहिक पूजन की एवं पूजन के सूत्र सीखें पाठ शाला के संयोजक प्रमोद जैन गट्टू विपिन शास्त्री ने बताया कि इस अवसर पर पुरस्कार का वितरण किया गया। इस अवसर पर शिक्षका श्रीमती शिल्पा जैन श्रीमति दिब्या श्रीमती वंदना श्रीमति स्वेता बहिन दर्शना जैन सहित पाठशाला के बच्चे उपस्थित रहे।

# पुराने विवाद को लेकर दो युवकों ने छात्र के साथ की मारपीट

छतरपुर। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में पुराने विवाद को लेकर दो युवकों द्वारा एक छात्र के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित छात्र के मुताबिक आरोपियों ने कट्टे की बट से मारपीट करने के बाद उसके पास मौजूद रुपए भी छीन लिए हैं। पीड़ित छात्र की शिकायत लेकर पुलिस ने मामले की जांच शुरु की है।



पीड़ित छात्र योगेन्द्र पटेल ने बताया कि वह मूलतः परा गांव का रहने वाला है और छतरपुर के सटई रोड पर किराए के कमरे में रहकर पढ़ाई करता है। रविवार को वह रोज की तरह लाईब्रेरी से अपने रूम पर जा रहा था तभी रास्ते में बाबू अहिरवार और अभिषेक पटेल ने उसे रोककर मारपीट की तथा उसके बैग में रखे 4 हजार रुपए छीनकर भाग गए। योगेन्द्र के मुताबिक उक्त पैसे रूम का किराया देने के लिए उसने रखे थे। पुरानी बुराई के संबंध में योगेन्द्र ने बताया कि अभिषेक पटेल द्वारा कुछ समय पहले उसकी बहन को परेशान किया गया था जिसको लेकर वाद-विवाद हुआ था। इस मामले को लेकर उसके पिता और अभिषेक के पिता के बीच बातचीत हो गई थी और मामला शांत हो गया था। थाना प्रभारी बाल्मीकि चौबे ने बताया कि योगेन्द्र की शिकायत लेकर मामले की जांच की जा रही है, जो भी तथ्य सामने आएंगे उस आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# थाना प्रभारी ने दो दर्जन से अधिक गुंडों की कराई परेड



**छतरपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों पर शिकंजा कसने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में बीते रोज जिला मुख्यालय के सिविल लाइन थाना में दो दर्जन से अधिक गुंडों की परेड कराई गई। थाना प्रभारी बाल्मीकि चौबे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में थाना क्षेत्र के 27 गुंडों, आपराधिक गतिविधियों में लिप्त आरोपियों और निगरानीशुदा बदमाशों को थाने में बुलाकर उनकी परेड कराई और अपराध से दूर रहने की समझाइश दी गई है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# अज्ञात कारणों से युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**महाराजपुर।** नगर के वार्ड नंबर-3 में रहने वाले एक 24 वर्षीय युवती ने रविवार को अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर अत्महत्या कर ली। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और परिजनों के कथन लेकर मामले की जांच शुरु की।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक मूलतः ग्राम पुर के रहने वाले नरेश सेन वर्तमान में नगर के वार्ड नंबर-3 में कैमाहा मार्ग पर अपने परिवार के साथ रहते हैं। नरेश की 24 वर्षीय भतीजी रेखा सेन मानसिक रोग से ग्रसित थी और दिल्ली के एक अस्पताल में उसका इलाज भी कराया गया था। बताया गया है कि पिछले काफी दिनों से रेखा को नींद नहीं आ रही थी। रविवार को घर के सदस्य अपने-अपने काम पर गए थे, घर पर रेखा अकेली थी तभी सुबह करीब 9 बजे उसने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी प्रशांत सेन ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

# बीमार गाय को समाजसेवियों ने पहुंचाया अस्पताल

छतरपुर।

शहर के सटई रोड पर मुक्तिधाम के पास एक बीमार गाय पड़ी हुई थी, जब इसकी जानकारी समाजसेवी दिनेश तिवारी को मिली तो उन्होंने हरिओम गौशाला की टीम को मौके पर बुलाया तथा बीमार गाय को गौशाला पहुंचाकर उपचार शुरु कराया। श्री तिवारी ने बताया कि उक्त गाय पिछले तीन-चार दिनों से बीमार थी और उसकी हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी। स्थानीय लोगों ने उन्हें फोन पर सूचना दी जिसके बाद उन्होंने गौशाला की टीम बुलाकर गाय के इलाज की व्यवस्था कराई है।



# राजयोग से बढ़ती है ज्ञान की रोशनीः ब्रह्माकुमारीज़



बकस्वाहा क्षेत्र के ग्राम सुनवाहा में शिवरात्रि महोत्सव के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी रमा बहन ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि- अनेक प्रकार के अनावश्यक बंधनों से ग्रस्त मन को मुक्ति दिलाने के लिए ईश्वरीय ज्ञान की रोशनी की जरूरत है। धैर्यता, गंभीरता व अंतर्मुखता आदि गुण, तप के आधार हैं। आध्यात्मिक ज्ञान आत्मा का भोजन है। सत्य ज्ञान के बिना आत्मा कमजोर हो जाती है। ज्ञान की रोशनी से ही समस्याओं रूपी अंधकार से मुक्ति प्राप्त की जा सकती है। आधुनिक संसाधनों के अनावश्यक उपयोग से मन की एकाग्रता भंग होती है। अंत में नम्रता बहन ने राजयोग का अभ्यास कराया और समस्त ग्रामवासियों ने झंडा रोहण किया। ईश्वरीय प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# बालिका छात्रावास में लगाया गया कैंसर जागरुकता शिविर

**छतरपुर।** समाजसेवी संस्था ऑल इंडिया लीनेस उड़ान क्लब के द्वारा रविवार को छतरपुर के बालिका छात्रावास में कैंसर जागरुकता शिविर लगाकर छात्राओं को रोग से बचाव के उपाय बताए गए। इसके साथ ही 10वीं और 12वीं की छात्राओं को परीक्षा के तनाव से मुक्त रहने के लिए प्रेरित किया गया। छात्राओं को साफ-सफाई एवं सुरक्षा का ध्यान रखने का संदेश देकर सैनेटरी पैड्स क्लब के द्वारा वितरित किए गए। इस मौके पर छात्रावास की प्रबंधक अर्चना अहिरवार, धीरज मिश्रा, चंद्रमुखी चौरसिया, उर्मिला अहिरवार, सुनीता पथोरिया, रेहाना अंसारी, शिवानी, कोषाध्यक्ष सुनीता, सचिव स्मिता जैन, बलजीत, सुखविंदर, मीरा, राश्मि, रेहाना, जगजीत, रंजना, चंदा सहित सभी क्लब मेंबर्स उपस्थित रहे।



# प्रकृति के बीच विराजमान भोलेनाथ के वार्षिक दर्शन को पहुंचे भक्त



बमीठा

पन्ना टाईगर रिजर्व क्षेत्र के लालर गांव से करीब 8 किमी दूर पहाड़ी पर स्थित सिद्ध स्थल नारायन धाम का शिव मंदिर वर्ष में सिर्फ एक बार खुलता है, जिस कारण से भोलेनाथ के वार्षिक दर्शन को यहां बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं। रविवार को मंदिर के द्वार खोले गए और हजारों भक्त भोलेनाथ के दर्शन करने पहुंचे। मंदिर के पास बहने वाली प्राकृतिक जलधारा मंदिर की सुंदरता को चार चांद लगाने का काम करती है और यही कारण है कि बड़ी संख्या में यहां पहुंचते हैं।

# ब्रह्माकुमारीज ने शिवरात्रि महोत्सव के तहत आयोजित किया विशेष कार्यक्रम

**छतरपुर।** ब्रह्माकुमारीज द्वारा शिवरात्रि महोत्सव के तहत पर्यटन खजुराहो में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मतंगेश्वर महादेव और माता पार्वती की मनोरम झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि छतरपुर केन्द्र की ब्रह्माकुमारी शैलजा बहन रहीं, जिनका खजुराहो केन्द्र की बहनों ने पुष्पगुच्छ और चुनरी से स्वागत किया। कमला बहन ने सभी को शिवरात्रि का रहस्य बताया और प्रभु के संग का अनुभव करने की विधि बताई। शैलजा बहन ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह शिवरात्रि हमें अनेकता में एकता कैसे लाएं यह शिक्षा देती है। जैसे शिव जी का परिवार संगठित रूप में दिखाया हैं आप देख सकते हैं कि शंकर जी का वाहन बैल, पार्वती जी की सवारी शेर, कार्तिकेय की



सवारी मोर, और गणेश जी की सवारी चूहा है ,जो एक दूसरे के विपरीत है ऐसी विपरीत परिस्थितियों में भी साथ रहना कितना सुंदर मैनेजमेंट हैं। कल्पना बहन ने सभी को परमात्मा का परिचय देकर परमात्मा से मिलने की विधि समझाई। वहीं कु. रोशनी ने भी शिव महिमा पर आधारित नृत्य प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में खजुराहो नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष कविता राजे, राजनगर नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष रचना पटैरिया, निर्मल अग्रवाल, संतोष पटैरिया, बबीता सोनी, नमिता श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# देशज समारोह में हुई बुंदेली लोक कला की जीवंत प्रस्तुति

**खजुराहो।** मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा संचालित आदिवर्त जनजातीय लोककला राज्य संग्रहालय, खजुराहो में बीती शाम आयोजित हुए देशज समारोह में बुंदेली लोक कला की जीवंत प्रस्तुति हुई, जिसमें बुंदेलखंड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर की एक अद्भुत झलक देखने को मिली। उल्लेखनीय है कि आदिवर्त जनजातीय लोककला राज्य संग्रहालय खजुराहो में यह अनोखा आयोजन हर शनिवार और रविवार को आयोजित किया जाता है, जिसमें नृत्य, नाट्य, गायन और वादन जैसी विधाओं का समावेश होता है। यह कार्यक्रम लोक कला को सहेजने और बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है, जिससे न केवल बुंदेलखंड की कला को प्रमोट किया जाता है, बल्कि इसे नई पीढ़ी तक पहुँचाने का एक सुनहरा अवसर मिलता है।

समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और कलाकारों के स्वागत से हुई। कलाकारों ने बुंदेली लोकगीतों और बधाई नृत्य की प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। विशेष आकर्षण थी बुंदेलखंड के प्रसिद्ध लोकगीतों की गायन और



नृत्य की अद्भुत प्रस्तुतियां। कार्यक्रम में प्रमुख कलाकारों के रूप में रूपराम पटेल, नवल किशोर, सुश्री रामरती चौरसिया, सरोज कुमार रावत, सुश्री नीतू चौरसिया और हरप्रसाद रैकवार ने अपनी कला से समां बांध दिया। समारोह में सुश्री शशी कुशवाहा ने शानदार बधाई नृत्य पेश किया, जिसे दर्शकों ने काफी सराहा। इन प्रस्तुतियों में संगीत की संगत के लिए धीरज अहिरवार (ढोलक), रज्जू विश्वकर्मा (बेन्जो), अश्वनी कुशवाहा (हारमोनियम), घनश्याम प्रजापति (नगडिय़ा), पट्टू अहिरवार (झींका), नन्द किशोर कुशवाहा (मंजीरा) और रोहित मिश्रा (आर्गन पेड) ने भी अपनी प्रस्तुति से माहौल को और जीवंत बना दिया।

## विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगेः ललिता यादव

# धमौरा और गौरगांय में विधायक ने दी 38 लाख की सौगात

**छतरपुर।** विधायक श्रीमती ललिता यादव ने आज छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धमौरा और गौरगांय में करीब 38 लाख रुपए की लागत से 4 विकास कार्यो की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र के विकास में कोई कसर नही छोड़ेगी।

विधायक श्रीमती ललिता यादव ने ग्राम धमौरा के यादव मोहल्ला में 5 लाख की राशि से बनने वाले सामुदायिक भवन और 6.25 लाख से निर्मित होने वाली कारक देव मंदिर की बाउण्ड्रीवाल, माता मंदिर में 8.77 लाख रुपए की लागत से टीनशेड निर्माण के लिए सरपंच हल्की बाई मलखा सिंह यादव इसके साथ ही ग्राम पंचायत गौरगांय में भी उन्होंनें 17.53 लाख से हाईस्कूल की बाउण्ड्रीवाल के निर्माण कार्य का सरपंच कन्हैयालाल अहिरवार तथा धर्मजीत यादव की मौजूदगी में वैदिक रीति-रिवाज से भूमि-पूजन किया।

छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव ने कहा कि वे पूरे विधानसभा क्षेत्र का विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है। वे शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ ही सड़क, नाली और अन्य विकासकार्यो को कराने में क्षेत्र के लोगों की राय के अनुसार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार अंतिम छोर तक के व्यक्ति के लिए पूरी जिम्मेदारी के साथ काम कर रही है। उन्होंने सरकार की विभिन्न कल्याणारी योजनाओं की जानकारी देते हुए



ग्रामीणो से उनका लाभ उठाने की अपील की तथा कहा कि यदि किसी भी तरह की परेशानी हो तो वे उनसे किसी भी समय मिल सकते है।

# साइकिलिंग के माध्यम से युवाओं को दिया स्वस्थ रहने का संदेश



**छतरपुर।** महर्षि विद्या मंदिर देरी रोड के 65 वर्षीय प्राचार्य सीके शर्मा ने रविवार को शहर में साईकिलिंग कर, युवाओं को स्वस्थ रहने का संदेश दिया। अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि हर व्यक्ति को सप्ताह में कम से कम एक दिन तो साइकिलिंग अवश्य करना चाहिए। ज्ञात हो कि प्राचार्य श्री शर्मा गत 4 वर्षो से निरंतर साइकिलिंग कर रहे हैं। इन वर्षों में वे अनेकों बार राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न साइकिलिंग प्रतियोगिताओं में भाग ले चुके हैं। वे 65 वर्ष की उम्र में निरंतर साइकिलिंग को प्रमोट करने का प्रयास कर रहे है। उनका मानना है कि केवल साइकिलिंग ही एक ऐसा माध्यम है जिससे न केवल शरीर को स्वास्थ्य रखा जा सकता है वल्कि पर्यावरण प्रदूषण एवं यातायात की समस्या से भी आसानी से बचा जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर आज करेंगी टीएल पत्रों की समीक्षा

**रीवा** । कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल टीएल बैठक में तीन मार्च को समय सीमा के पत्रों की समीक्षा के साथ ही सीएम हेल्पलाइन की विभागवार अद्यतन स्थिति की समीक्षा करेंगी। कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित बैठक में विभागीय अधिकारियों को उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं।

### मऊगंज जिले के नगर परिषद क्षेत्र में नो एंट्री का आदेश जारी



**मऊगंज**। कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने नगर परिषद हनुमना, मऊगंज एवं नईगढी के शहरी क्षेत्र में सीमा के अंदर सभी प्रमुख मार्गों पर सुबह 6:00 से रात 10:00 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। पुलिस अधीक्षक, मऊगंज के पत्र के प्रतिवेदन अनुसार नवगठित जिला मऊगंज में नगर परिषद क्षेत्र मऊगंज, नगर परिषद क्षेत्र हनुमना एवं नगर परिषद क्षेत्र नईगढ़ी अंतर्गत नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे तथा अन्य प्रमुख मार्गो से शहर के अंदर प्रवेश करने वाले रास्तों पर यातायात व्यवस्था को दुरस्त बनाये रखने तथा नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु ऐसे समस्त रास्तों को प्रातः 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक के लिये भारी वाहनों को प्रवेश करने से प्रतिबंधित किया गया है। ऐसे समस्त प्रवेश बिन्दुओं पर बोर्ड लगाकर इस प्रतिबंध की जानकारी प्रदर्शित का निर्देश कलेक्टर ने दिया है।

### त्यौहार में सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने समझाइश

**कटनी**। आगामी रंगों के पर्व होली को लेकर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस द्वारा प्रयास करना शुरू कर दिया गया है। अपराधिक एवं अप्रिय घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से रीठी थाना प्रभारी ने दलबल के साथ थाना क्षेत्र के पारधी बाहुल्य ग्रामों में भ्रमण कर न केवल वहां की कानून व्यवस्था संबंधी चुनौतियों का जायजा लिया, बल्कि क्षेत्र के ग्रामीणों से पर्व के दौरान शांति तथा सुरक्षा व्यवस्था बहाल रखते हुए पर्व मनाने की अपील भी की। थाना प्रभारी सिद्धार्थ राय ने बताया कि होली पर्व के दौरान शांति तथा सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्र में पर्याप्त पुलिसिंग और सतत निगाह रखने के लिए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके तहत आज अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, एसडीओपी मुख्यालय उमराव सिंह के मार्गदर्शन में रीठी पुलिस ने थाना क्षेत्र में मौजूद पारधी बाहुल्य ग्राम देवगांव, बिरुहली, रेपुरा, इमलिया मे पारधी बाहुल्य बस्ती में जाकर पारधी लोगो को आगामी होली के त्योहारों को शांति पूर्ण मनाने हेतु हिदायत दी गई।

### नकल प्रकरण पर केन्द्राध्यक्ष, सहायक सहित 4 शिक्षकों को नोटिस

**कटनी**। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण प्राचीश जैन एवं जिला शिक्षा अधिकारी पीपी सिंह ने 28 फरवरी को 12वीं कक्षा की अंग्रेजी परीक्षा के दौरान नकल प्रकरण पाये जाने पर केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष सहित 4 शिक्षकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण श्री जैन को 28 फरवरी को निरीक्षण में मिली विसंगतियों पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झिन्ना पिपरिया के केन्द्राध्यक्ष भारत सिंह प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है जिसमें माध्यमिक शिक्षा मण्डल के निर्देशानुसार शेष प्रश्न-पत्र सील्ड कर कक्ष में ही रखे जाने, शेष प्रश्न पत्र केन्द्राध्यक्ष के पास पाये पर नोटिस जारी किया है। प्रश्न पत्र पैकिट ओपन करने के पूर्व पर्यवेक्षक एवं परीक्षार्थी द्वारा हस्ताक्षर नहीं किये गये। अभिरक्षा पंजी का संधारण नियमानुसार नहीं किया गया हैं। छात्र टाट पट्टी में बैठे पाये गये। पर्यवेक्षक कार्य पूर्ण सजगता से नहीं किया जा रहा। परीक्षा केन्द्र पर तीन छात्र अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुये पाये गये।

---

**हत्या के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर विरोध प्रदर्शन**

# मनिकवार में वृद्ध को धारदार हथियार से आरोपियों ने उतारा था मौत के घाट, सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन



**रीवा**। जिले के मनगवा थाना क्षेत्र के रघुनाथगंज चौकी अंतर्गत मनिकवार नंबर 2 में गुरुवार की रात हुई वृद्ध की हत्या के बाद रविवार को ग्रामीणों और परिजनों ने सड़कों पर शव रखकर चार घंटे से ज्यादा समय तक चकाजाम किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि आरोपियों को अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है और मृतक के परिजनों को सुरक्षा नहीं दी गई है। मृतक के परिवार ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए और शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। घटना गुरुवार की रात की है, जब 65 वर्षीय हीरामणि वर्मा की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। बताया गया कि हीरामणि वर्मा अपनी बहू की हत्या का चश्मदीद गवाह था और हत्या के कुछ समय पहले उसे आरोपियों से धमकियां मिल रही थीं। परिजनों के अनुसार, आरोपियों के परिजनों ने कई बार उसे केस वापस लेने की धमकी दी थी, जिसके चलते मामले में कई बार विवाद भी हुआ था। इसके बावजूद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठाया, जिसके बाद यह हत्या की घटना हुई।परिजनों का आरोप है कि हत्या उन्हीं आरोपियों ने की है, जिन्होंने एक साल पहले हीरामणि की बहू की हत्या की थी और उनके बेटे पर प्राणघातक हमला किया था। बावजूद इसके, पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। मृतक के परिजनों ने इस मामले में नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया था, लेकिन गिरफ्तारी नहीं हुई। इसी कारण आक्रोशित परिजन और ग्रामीण रविवार को मृतक के शव को ट्रैक्टर में रखकर मनगवां के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगाने के लिए निकल पड़े। प्रदर्शन के दौरान पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों और परिजनों को रास्ते मे ही रोक कर समझाइश दी। पुलिस ने मामले को शांत करने की कोशिश की, हालांकि परिजन जाम हटाने को तैयार नहीं हुए। अंततः कई घंटों के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद, परिजन जाम हटाने को तैयार हुए। पुलिस ने मामले में तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है और फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है,परिजनों ने सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के साथ ही परिवार को सुरक्षा दिलाए जाने की मांग की है।परिजनों की सुरक्षा की मांगमृतक के परिजनों ने अधिकारियों से यह भी मांग की है कि उन्हें और उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए, ताकि आगे से इस तरह की घटनाओं का सामना न करना पड़े।इन धाराओं के तहत हुई गिरफ्तारी गुरूवार की देर रात वृद्ध की खेत में हुई निर्मम हत्या के बाद पुलिस ने परिजनों द्वारा दिये गये बयान और आरोपों की पुष्टि करते हुये आरोपियों के विरूद्ध नामजद एफआईआर दर्ज किया है। पुलिस ने अपराध क्र. 87/2025 धारा 103(1), 103(2), 190 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। इस मामले में पुलिस की छानबीन में पकड़े गये कुछ संदेहियों ने वारदात को अंजाम देना कबूला एवं उनके बयान के आधार पर मामले में षड़यंत्र रचने वाले का नाम सामने आया तो पुलिस ने धारा 49, 61(2) बीएनएस के तहत इजाफा करते हुये एक अन्य आरोपी को भी दबोच लिया है। पकड़े गये आरोपियों में धीरज दुबे उर्फ भईया पिता राजकिशोर दुबे उम्र 31 वर्ष, बाबूलाल (मुडहा) वर्मा पिता रमई वर्मा उम्र 65 वर्ष,, सत्य प्रकाश दुबे उर्फ पिन्टू दुबे पिता मोतीलाल दुबे उम्र 31 वर्ष एवं अशोक कुमार दुबे पिता गणेश प्रसाद दुबे उम्र 53 वर्ष सभी निवासी मनिकवार न. 02 थाना मनगवां बताये गये हैं। इसके अलावा इस मामले में फरार चल रहे अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस टीम लगातार संबंधित स्थानों में दबिश दे रही है।

---

# बसामन मामा गौवंश वन्य विहार गौ सेवा का आदर्श स्थल बनेगा





### गोबर व गौमूत्र से बनने वाले उत्पादों का विक्रय कर गौवंश वन्य विहार को आत्मनिर्भर बनाने की तैयारी

### उप मुख्यमंत्री ने गौवंश वन्य विहार में प्रशासनिक भवन का किया लोकार्पण

**रीवा** । उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि बसामन मामा गौवंश वन्य विहार गौ सेवा का आदर्श स्थल बनेगा। गौवंश वन्य विहार में अधोसंरचना व विकास के अधिकतर कार्य पूर्णता की ओर हैं। गौवंश वन्य विहार में संरक्षित गौवंश के गोबर व मूत्र से बनने वाले उत्पादों का विक्रय कर इसे पूर्णतः आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। श्री शुक्ल ने एक करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए प्रशासनिक भवन गौ कार्यालय का लोकार्पण किया। गौ कार्यालय के नवनिर्मित हाल में समीक्षा बैठक के दौरान उप मुख्यमंत्री ने गौवंश वन्य विहार में शेष कार्यों की विभागवार जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि गौवंश वन्य विहार में जल की निर्बाध आपूर्ति होती रहे इसलिए आवश्यक है कि भूजल स्तर कम न हो। उन्होंने गौवंश वन्य विहार से लगे तालाब को नदी से भरने के निर्देश दिए। द्वितीय चरण के तहत नाला में रपटा कम स्टॉपडैम, चेकडैम तथा शेष बाउन्ड्रीवाल के निर्माण कार्य को स्वीकृत कर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश बैठक में दिए गए। उन्होंने कहा कि निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। आगामी समय में सब स्टेशन का भी निर्माण कार्य कराया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने बैठक में गौवंश वन्य विहार में गौ सेवा के लिए प्रोटोकाल बनाकर कार्य किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि संरक्षित गौवंश का डाटा शीट में पूर्ण विवरण दर्ज किया जाए। उन्होंने कहा कि गोबर व गौमूत्र से बनने वाले उत्पादों का विक्रय कर गौवंश वन्य विहार को पूर्णतः आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। गोबर से बनने वाली खाद का विक्रय किया जाएगा। किसानों को गौशाला से जोड़ने का कार्य प्राथमिकता से होगा ताकि वह यहाँ से जरूरत के अनुसार खाद क्रय कर सकें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बायोगैस प्लांट को शीघ्र प्रारंभ किया जाए तथा मृत पशुओं के निष्पादन की यूनिट लगाने का काम शीघ्र प्रारंभ कराएं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बसामन मामा गौवंश वन्य विहार का आदर्श संचालन सुनिश्चित कराते हुए गौ सेवा के साथ ही इसे पूर्णतः आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने गौवंश वन्य विहार में निर्मित रेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम किया तथा प्रातःकाल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए गौवंश को चारा एवं गुड़ खिलाया। इस दौरान अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती नीता कोल, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, सीसीएफ राजेश राय, एसडीएम राजेश सिन्हा, त्रियुगीनारायण शुक्ल, अमित अभयरामदास महाराज, समाजसेवी राजेश पाण्डेय, अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल बृजेश शुक्ला कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह सहित अधिकारी व जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

---

# दवा विक्रेता संघ ने उप मुख्यमंत्री का किया सम्मान



**रीवा** । उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि पीड़ति मानवता की सेवा में दवा विक्रेताओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। केन्द्र सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए निरोगी काया अभियान में होने वाली निःशुल्क जाँच कराने के लिए लोगों को जागरूक करने का कार्य दवा विक्रेता संघ करे ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ ले सकें। उप मुख्यमंत्री का रीवा जिला दवा विक्रेता संघ द्वारा सम्मान किया गया। उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में टीवी रोग से पीड़ति मरीजों को पूरक आहार किट वितरित किए। सम्मान समारोह में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि देश में स्वास्थ्य सुविधाओं की वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। आम आदमी को स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए आयुष्मान योजना वरदान बनी है। रीवा में भी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में गंभीर रोगों का इलाज आयुष्मान कार्डधारियों को निःशुल्क हो रहा है। श्री शुक्ल ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा 20 फरवरी से 31 मार्च तक संचालित निरोगी काया अभियान में बीपी, शुगर एवं लीवर की निःशुल्क जाँच की जा रही है। उन्होंने 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों से इन जाँचों को कराने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि रीवा जिले में प्रतिदिन की जाने वाली जाँच की रिपोर्टिंग व मॉनीटरिंग हो और यह प्रयास हो कि रीवा जिला देश में इन जाँचों में अग्रणी रहे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, अध्यक्ष नगर निगम व्यकंटेश पाण्डेय, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती माया सिंह, समाजसेवी राजेश पाण्डेय, प्रदीप गौतम सुमन, दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष तरूणेन्द्र सिंह, विजय सिंह, सतीश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में दवा विक्रेता संघ के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

---

# प्लास्टिक मुक्त शहर के लिए करना होगा सामूहिक प्रयास, समाज जब विकल्पों को अपनाएगा तभी सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण रोक संभव



**रीवा**। नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने शनिवार को प्लास्टिक व्यापारी, विक्रेताओं एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध को प्रभावी बनाने और प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यदि लोगों को प्लास्टिक के विकल्प के लिए प्रेरित किया जाए, तो समाज का दृष्टिकोण बदलेगा और लोग वैकल्पिक उत्पादों को अपनाने लगेंगे। बैठक में आयुक्त ने विक्रेताओं से कहा, वे प्लास्टिक उत्पादों की बिकी बंद करने व उनके विकल्पों को बढ़ावा देने में सहयोग करें। यदि बाजार में प्लास्टिक उत्पाद उपलब्ध नहीं होंगे, तो उपभोक्ता स्वाभाविक रूप से अन्य पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने लगेंगे। कल्पना कल्याण समिति द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को कम करने के लिए स्टील के बर्तन सेवा (बर्तन बैंक) की स्थापना के प्रस्ताव की सराहना की गई। समिति अध्यक्ष बीपी सिंह ने बताया, अमित मेडिकल स्टोर में बर्तन बैंक काउंटर का शुरू हो रहा है. जिसकी बुकिंग प्रारंभ हो चुकी है। इस पहल से लोग प्लास्टिक के बजाय स्टील के बर्तनों का उपयोग कर सकेंगे। समिति ने यह भी जानकारी दी कि 19 मार्च को एक कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जिसमें व्यापारी संघ, समिति के सदस्य, निगम अधिकारी और अन्य संबंधित पक्ष शामिल होंगे।

---

# व्हाइट टाइगर सफारी के निर्माणाधीन बाड़ों का कार्य शीघ्र पूर्ण करें - उप मुख्यमंत्री

**रीवा।**

*उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि महाराजा मार्तण्ड सिंह व्हाइट टाइगर सफारी के निर्माणाधीन बाड़ों का कार्य शीघ्र पूर्ण कराएं ताकि वहाँ विभिन्न प्रजातियों के जीवों को रखा जा सके। उन्होंने सरीसृप प्रजाति के लिए बनाए जा रहे रेप्टाइल हाउस के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा पूर्ण गुणवत्ता के साथ कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने व्हाइट टाइगर सफारी मुकुंदपुर का भ्रमण कर ग्वालियर से लाए गए व्हाइट टाइगर शावक को उत्साहपूर्वक देखा। उप मुख्यमंत्री ने वर्ल्ड एवियरी बाड़े का भ्रमण कर रंग-बिरंगे परिंदों को भी देखा। इस अवसर पर वन मण्डलाधिकारी सतना ने व्हाइट टाइगर सफारी में निर्माणाधीन कार्यों तथा प्रस्तावित कार्यों के बारे में उप मुख्यमंत्री को अवगत कराया। भ्रमण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रीवा श्रीमती नीता कोल, नगर पालिक निगम रीवा के अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, सीसीएफ राजेश राय, डीएफओ सतना मयंक चांदीवाल, विवेक दुबे, राजेश पाण्डेय सहित जनप्रतिनिधिगण व अधिकारी उपस्थित रहे।*

---

# शहर में रोड की पटरी का हटाया अतिक्रमण



**रीवा।**

शहर में शिवम एंटरप्राइजेज के द्वारा रोड की पटरी पर किए गए अतिक्रमण को जेसीबी से हटवा दिया गया है। अतिक्रमण प्रभारी द्वारा कब्जा हटवाने के साथ ही 5 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही हिदायत दी गई कि पुनरावृत्ति किए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जावेगी। इस दौरान कई अन्य दुकानदारों और संस्थानों द्वारा प्रतिष्ठानों के बाहर अवैध बैनर और होर्डिंग लगाए गए थे, जिससे आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही था, उन्हें भी हटाने की कार्रवाई की गई। इसके अलावा सिरमौर चौराहा से विश्वविद्यालय रोड़ की सड़क पटरी खाली कराते हुए यातायात को सुगम बनाया गया। साथ ही धोबिया टंकी से बिछिया अस्पताल तक एवं सिरमौर चौराहा से नये बस स्टैण्ड तक ठेला, गुमटी द्वारा किए गए अस्थाई अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई में अतिक्रमण प्रभारी एवं सहायक व अतिक्रमण दल मौजूद रहा।

---

# महाविद्यालय के संस्थापक को उनके ही कार्यक्रम के लिए नहीं मिली जगह

### प्रचार्य पर मनमानी का आरोप






**मऊगंज**। पूर्व विधायक स्वर्गीय पंडित रामधनी मिश्रा मऊगंज के मदन मोहन मालवीय के नाम से प्रसिद्ध है इनके द्वारा सन 1966-67 में जब जीवन में शिक्षा का मूल उद्देश्य को आधार मानकर क्षेत्र के सैकड़ो किलोमीटर दूर तक उच्च शिक्षा की व्यवस्था न होने से दूरगामी सोच के साथ शहीद केदारनाथ महाविद्यालय की नींव रखी थी तब उनके जहन में कदाचित यह प्रश्न नहीं रहा होगा कि हमारे ना रहने पर हमारे चाहने वाले और वंशजों को शिक्षा से जुड़े विचार संगोष्ठी शिक्षक और छात्रों से जुड़े विषयों पर चर्चा करने के लिए हमारे ही महाविद्यालय में जगह नहीं मिलेगी जबकि महाविद्यालय में उन्हीं के नाम से सभागार बना हुआ है यह राजनीति की विडंबना या उन कुंठित मानसिकता के विचारों से पीड़ित जो महाविद्यालय का अब संचालन कर रहे हैं 26 फरवरी को पूर्व नियोजित महाविद्यालय के संस्थापक डॉ रामधनी मिश्रा के जीवन पर आधारित *एक और महामना* नामक पुस्तक का विमोचन करना था और समर्थकों द्वारा जब सभागार मांगा गया तब महाविद्यालय के प्राचार्य ने यह कहकर सभागार देने के लिए इंकार कर दिया की विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी तभी आपको यह सभागार मिल पाएगा इस जबाब से जहाँ समूचा शिक्षा जगत शर्मसार हुआ वहीं आयोजकों को तो मानो सांसे रुक गई समूचा वाकया अकल्पनीय था हतप्रभ करने वाला था किंतु इस शर्त को न मानते हुए आयोजकों ने अन्यत्र जगह पर कार्यक्रम को संपन्न किया उनके भतीजे और पौत्र के साथ सगे संबंधियों ने इस बात को विधानसभा में प्रश्न उठाने की बात कही है मऊगंज क्षेत्र वासियों एवं शिक्षा के लिए महाविद्यालय मील का पत्थर है किंतु ऐसी मानसिकता रखने वाले कुंठित विचारधारा और घृणित जवाब देने वालों के लिए भी यही महाविद्यालय रोजी और पेट पालने का आधार बना हुआ है।

### विचारों के दावेदार

जिन्होंने सभागार में कार्यक्रम करने की शर्तें लगाई थी शर्म उन्हीं को आनी चाहिए उन्हें भविष्य में शर्म और अपमान के सिवा कुछ नहीं मिलेगा गिरीश गौतम विधायक देवतालाब जिन्होने महाविद्यालय की नींव रखी है उनके कार्यक्रम के लिए सभागार ना देने पर यह प्रश्न विधानसभा में लगाने के लिए आवेदन दूंगा महाविद्यालय प्रशासन को जवाब देना पड़ेगा । बसंत मिश्रा रामधनी मिश्रा के पौत्रजिस महामना का नाम विदेश में विश्व हिंदू काशी महाविद्यालय और विधानसभा भोपाल सभागार में सुशोभित हो उनका अपमान करना अपराध है।

---

# जन औषधि केंद्र मऊगंज में जन आरोग्य मेला का हुआ आयोजन




**मऊगंज**। भारतीय जन औषधि परियोजना भारत शासन के निर्देशानुसार जन औषधि दिवस सप्ताह 1 मार्च से 7 मार्च 2025 तक मनाये जाने का निर्देश है। जिसके परिपालन में 2 मार्च2025 को जन औषधि केंद्र मऊगंज में जन आरोग्य मेला ज़िला चिकित्सालय मऊगंज के सहयोग से भारतीय रेडक्रास सोसायटी ज़िला शाखा मऊगंज द्वारा आयोजित किया गया। आयोजित जन आरोग्य मेला के मुख्य अतिथि डॉ आशीष तिवारी जिला चिकित्सालय मऊगंज रहें। इस अवसर पर 137 लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं निःशुल्क मास्क और दवाईयां वितरित की गई। इस मौके पर डॉ आशीष तिवारी,डॉ ऋषभ सिंह सोलंकी द्वारा स्वस्थ्य परीक्षण कर स्वस्थ्य रहने के उपाय बताए गए। वहीं कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह द्वारा भारत शासन की विशिष्ट पहल जन औषधि केंद्र के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने जन औषधि केंद्र में उच्च गुणवत्ता बाली दवाइयां 50 प्रतिशत से भी अधिक छूट पर उपलब्ध कराने की कटिबद्धता दोहराई। वहीं उपस्थित सभी लोगो को इस योजना का लाभ उठाने हेतु सलाह दी गई। आयोजित मेला को आदर्श सिंह एवं अजीत मिश्र फार्मासिस्ट ने व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया। तो वहीं प्रतीक सिंह ने आये हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया और बताया कि जन आरोग्य मेला यह संदेश देता है कि दाम कम,काम ज़्यादा का संदेश लिए आपके पास तक पहुचाने का एक सार्थक प्रयास है।